# RK GIRLS' VOICE

May, 2020

Year 4 | Shri Ratanlal Kanwarlal Patni Girls' College, Kishangarh | Newsletter




वर्तमान के इस प्रतियोगी युग में विद्यार्थी का सहशैक्षणिक विकास आवश्यक है। इसी विषय को गंभीरता से लेते हुए हमारे महाविद्यालय में बेटियों हेतु अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। वर्षपर्यन्त आयोजित विविध गतिविधियों का सुंदर शब्द संयोजित गुलदस्ता हमारा "आर.के.गर्ल्स वाइस" न्यूज़ लेटर है। इसके नव प्रकाशित अंक की मैं सम्पूर्ण सम्पादन मण्डल को अनन्त शुभकामनाएं प्रेषित करता हूँ।

इन्हीं मंगलकामनाओं सहित
अशोक पाटनी
अध्यक्ष



शिक्षा, संगोष्ठी, व्याख्यान, खेल एवं समाजोपयोगी कार्यों से विद्यार्थियों में सकारात्मकता का संचार होता है। इसी सकारात्मकता को बनाए रखने के लिए हमारा महाविद्यालय अनवरत प्रयत्नशील है। हमारा प्रयास है हमारी बेटियों द्वारा किये गये प्रशंसनीय कार्यों को हम आप समस्तजनों तक प्रेषित करें। इसका माध्यम हमारा "आर.के.गर्ल्स वाइस" न्यूज़ लेटर है। मैं इसके प्रकाशन की सम्पूर्ण महाविद्यालय परिवार को शुभकामनाएं प्रदान करता हूँ।

सी.ए. सुभाष अग्रवाल
सचिव



हमारा महाविद्यालय शिक्षा, साहित्य, संस्कृति, खेल व समाजोपयोगी उपलब्धियों से फलीभूत हो रहा है। इसका मूल हमारा शिक्षण, मार्गदर्शन व प्रेरणा है। संस्थान का सदैव यह प्रयत्न है कि किशनगढ़ की बेटियों का शैक्षणिक दृष्टि से सर्वांगीण विकास हो एवं वे अपने लक्ष्य को प्राप्त करते हुए क्षेत्र का नाम रोशन करें। वर्तमान में हमारा लक्ष्य है कि हमारी बेटियाँ स्नातक पाठ्यक्रम के पश्चात् स्नातकोत्तर का विद्या अध्ययन यहीं रहकर पूर्ण करे, इस दिशा में भी संस्थान प्रगतिशील है। इसी प्रगतिशीलता को गति प्रदान करता हमारा न्यूज लेटर आर. के. गर्ल्स वाईस है। इसमें प्रकाशित विविध गतिविधियों की मैं सम्पूर्ण अकादमिक एवं सह अकादमिक कार्यशील परिवारजनों को बधाई एवं शुभकामनाएं प्रदान करती हूँ।

डॉ. वन्दना भटनागर
प्राचार्य



• मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा स्वच्छता रैंकिग में मिला चतुर्थ स्थान •

## राष्ट्रीय स्तर पर स्वच्छता रैंकिंग -2019 में श्री आर.के. पाटनी गर्ल्स कॉलेज ने पाया सम्मान

मानव संसाधन विकास मंत्रालय एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, भारत सरकार द्वारा इंस्टीट्यूशनल स्वच्छता रैंकिंग, 2019 एवं उन्नत भारत अभियान के तहत किशनगढ़ के श्री आर.के. पाटनी गर्ल्स कॉलेज को देशभर में चौथा स्थान मिला। यह सम्मान भारत में 6900 शिक्षण संस्थानों के निरीक्षण के बाद चयन किया गया। नई दिल्ली, ए.आई.सी.टी.ई. प्रज्ञान ऑडिटोरियम में दिसम्बर 03, 2019 को प्रदान किया गया।

## दिल्ली राजपथ पर गणतंत्र दिवस परेड






महाविद्यालय की छात्रा श्याम कंवर ने महाविद्यालय व राजस्थान राज्य को गौरवान्वित करते हुए दिल्ली राजपथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस की परेड- 2020 में पथ संचलन किया।

## 'बौद्धिक सम्पदा अधिकार' विषयक राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

कम्प्यूटर विज्ञान विभाग



Prof. T.C. James



राजस्थान सरकार के डी.एस.टी. विभाग के संयुक्त तत्त्वावधान में 'इन्टेलेक्चुअल प्रोपर्टी राइट' विषयक एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रो. टी.सी.जैम्स, रिसर्च एण्ड इंफॉर्मेशन सिस्टम फोर डेवेलपिंग कन्ट्रीज़ ( आर.आई.एस. ), अध्यक्ष प्रो.के.के.शर्मा, पूर्व कुलपति, महर्षि दयानन्द सरस्वती विश्वविद्यालय, अजमेर, डॉ. योगमाया वर्मा, डिप्टी मैनेजर, बायोटेक कंसोर्सियम, नई दिल्ली, रिसोर्स पर्सन पंकज कुमार, विषय विशेषज्ञ इन्टेलेक्चुअल प्रोपर्टी राइट उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

समाज के विकास की दिशा शिक्षा से ही प्रतिफलित है। शिक्षा के मापदण्ड वर्तमान परिस्थितियों को लेकर निर्मित किए जाए तो शिक्षा उच्च गुणवत्तापूर्ण होकर अपनी कामयाबी हासिल करती है। वर्तमान में एक विद्यार्थी तभी अपनी सफलता तक पहुँच सकता है जब वह शिक्षा के वर्तमान आयाम प्राप्त कर उन पर सर्वमनन एवं सर्वमंथन करता हो। एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण तभी संभव है जब हमारे युवा वायु की भांति एक सही दिशा प्राप्त कर आगे बढें। परन्तु इन सभी बातों में एक आवश्यक बिन्दु यह है कि उनका मार्गदर्शन कैसा हो ? एक सच्चा मार्गदर्शन उसके गुरू व शिष्यत्व परम्परा ही कर सकती है। यह मार्गदर्शन हमारे माता-पिता के पश्चात् हमें हमारे शिक्षक ही प्रदान करते हैं। हमें शिक्षकों को स्वप्रणाम करते हुए उनसे हर नई बात को सीखते हुए कठिनाईयों का शमन करना चाहिए। यदि सही मायने में हम यह सत्य चिंतन कर ले तो शायद ही हमें कोई बाधा रोक सके। जीवन की सफलता में गुरू ही सर्वश्रेष्ठ पूंजी है। उनका सान्निध्य ठीक वैसा ही है जैसा फूल व सुगंध का होता है। एक युवा वायु में सुगंध तभी प्रतिपुष्टित कर सकता है, जब वह गुरू से परम ज्ञान प्राप्त कर समाज में सफलतम कदम रखता है। हमारा विश्वास है कि हमारा हर विद्यार्थी इन शब्दों को आत्मसात करता हुआ अपने लक्ष्य को पूर्ण करने में कामयाब होगा।

**डॉ. हुकम सिंह चम्पावत**

संपादक
डॉ. हुकम सिंह चम्पावत

सह संपादक
सिद्धी मेहरा
ज्योति शर्मा
रवि सोनी

डिज़ाईन
मृगांक भारद्वाज
शत्रुंजय धूपिया

टंकण
नेहा शर्मा

मुद्रण एवं वितरण
अमित दाधीच

## VISTAS OF LEARNING



## ऑरियन्टेशन सप्ताह : बेटियों की उच्च शिक्षा के लिए दृढ़ संकल्पित है महाविद्यालय

ऑरियन्टेशन सप्ताह के माध्यम से छात्राओं को महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं, छात्रवृत्ति, पुस्तकालय, खेलकूद, एन.एस.एस., वेबसाइट व अन्य जानकारियों से रू-ब-रू कराया गया साथ ही टेलेन्ट हन्ट के माध्यम से छात्राओं की प्रतिभाओं को जानने का प्रयास किया गया।

## उमंग उत्साह से परिपूर्ण रहा स्वतंत्रता दिवस

73 वां स्वतंत्रता दिवस अत्यंत धूमधाम से मनाया गया। इस वर्ष महाविद्यालय द्वारा महात्मा गाँधी की 150 वीं जयन्ती को समर्पित करते हुए कार्यक्रम की थीम मोहन से महात्मा रखी गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अर्जुन अवार्ड से सम्मानित छाया अदक, असिस्टेन्ट कमान्डेन्ट, सी.आई.एस.एफ. ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में श्री सुरेश पाटनी, श्री सुरेश टांक, श्री महावीर कोठारी, श्री सुभाष अग्रवाल, श्री सुधीर जैन, श्री नीरज अजमेरा, श्री मती बीना कोठारी, श्री मती जयश्री अग्रवाल, श्री सी.एम. अग्रवाल, श्री राजु गुप्ता, श्री सज्जन कटारिया, श्री पदम कोठारी, श्री संजय पाण्डया एवं डॉ. आर.के.वर्मा आदि गणमान्य उपस्थित रहे। उड़ान अभिवृति परीक्षा में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों को नकद 3100, 2100, 1100 रूपये पुरस्कार एवं विभिन्न स्तरों पर खेलों में महाविद्यालय का अंतरराष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने वाली छात्राओं को ट्रैक सूट और महाविद्यालय शुल्क में सौ प्रतिशत रियायत और राज्य स्तर का प्रतिनिधित्व करने वाली छात्राओं को शुल्क में पच्चीस प्रतिशत रियायत से पुरस्कृत किया गया। यह हमारे देश के लिए सम्मान प्राप्त करने और सम्मान व्यक्त करने का दिवस था।




## कौशल विकास नीति

भारत सरकार की कौशल विकास नीति के तहत छात्राओं को कौशल आधारित पाठ्यक्रमों के लिए प्रोत्साहित करने के लिए एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी मुख्य वक्ता नीतू शर्मा, फैशन डिज़ाईनर रही और उन्होंने छात्राओं को अवसर पैदा करने और सुविधाजनक रोजगार प्राप्त करने की दिशा में उन्मुख किया गया।

## नारी सशक्तिकरण पर संगोष्ठी

नारी सशक्तिकरण पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसकी मुख्य अतिथि गीता चौधरी, डी.वाई.एस.पी., किशनगढ़ रही। उन्होंने अपने उद्बोधन में अपनी सफलता की यात्रा के बारे में विस्तार से बताया कि समाज में महिलाओं के विकास और प्रगति की पक्षपाती सीमा को समाप्त कर दिया गया है। आज महिलाएं सभी चुनौतिपूर्ण बाधाओं को दूर कर नई दिशा में अग्रसर हो रहीं है। एक महिला को सशक्त बनाना किसी एक इकाई को सशक्त नहीं करता है बल्कि पूर्ण समाज को सशक्त करने की दिशा में लाभान्वित होता है।

## फ्रेशर्स फिएस्टा-2019



आदरणीय सुशीला जी पाटनी के आशीर्वचन



मिस फ्रेशर्स ज्योति वैष्णव, फर्स्ट रनर अप मोनिका राजावत, सेकंड रनर अप निकिता खंगारोत और श्वेता मिस चार्मिंग

# धारा 370 पर सेमिनार



महाविद्यालय के इतिहास विभाग द्वारा 'धारा 370: एक इतिहास' विषयक व्याख्यान का आयोजन किया गया। इसकी विषय व्यापकता पर प्रकाश डालते हुए इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष सुरेश कुमार शर्मा ने इतिहास बनी इस धारा पर विस्तार से बताते हुए छात्राओं की जिज्ञासाओं का शमन किया।

# हिन्दी दिवस का आयोजन

महाविद्यालय में हिन्दी विभाग एवं शिक्षा विभाग द्वारा हिन्दी दिवस का आयोजन किया गया जिसमें बताया गया कि भाषा व्यक्ति को समाज में अपने विचार व्यक्त करने एवं जोड़े रखने का माध्यम है। यह कार्य हमारी राजभाषा हिन्दी बखूबी अदा करती आयी है व इसके प्रयोग से हमारा मन गर्व से परिपूर्ण हो जाता है। हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित विस्तार व्याख्यान की मुख्य वक्ता डॉ. प्रतिभा शुक्ला, राजकीय महाविद्यालय किशनगढ़ एवं विभागाध्यक्ष डॉ. हुकम सिंह चम्पावत ने हिन्दी का महत्त्व बताते हुए कहा कि हिन्दी वर्तमान समय में हमारी राजभाषा ही नहीं है अपितु राष्ट्र को प्रगतिशील बनाने व विश्व ख्याति प्रदान करने में सशक्त भाषा है। हमें विश्व के हर क्षेत्र में इसे प्रचारित प्रसारित करना चाहिए।

# विश्व ओज़ोन दिवस



महाविद्यालय में भूगोल विभाग एवं शिक्षा विभाग द्वारा ओज़ोन दिवस मनाया गया। ओज़ोन परत के संरक्षण में भूमिका निभाते हुए उसमें हो रहे प्रभावों पर ध्यान आकृष्ट करते हुए अनुसंधान करना चाहिए। विश्व ओज़ोन दिवस के उपलक्ष्य में विद्यार्थियों में ओज़ोन परत से सम्बन्धित ज्ञान में वृद्धि हो सके इस हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं पोस्टर, स्लोगन, पी.पी.टी., क्वीज़ कम्पीटिशन का आयोजन किया गया।

# प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता



व्याकरण प्रश्नोत्तरी छात्राओं की शब्दावली और अंग्रेजी भाषा के सुधार पर जोर देने के लिए महत्त्वपूर्ण प्रतियोगिता है। अंग्रेजी व्याकरण प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता पाँच टीमों के बीच आयोजित की गई। छात्राओं ने उत्साहपूर्ण भावना का प्रदर्शन किया और टीम विजेता के रूप में उभरकर सामने आई।

# राष्ट्र सेवा व समर्पण ही हमारा परम ध्येय



मुख्य अतिथि, डी.आई.जी., बी.एस. एफ.
पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़

राष्ट्रीय सेवा योजना के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में एन.एस.एस. इकाई द्वारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय सीमा सुरक्षा बल के डी.आई.जी. पुष्पेन्द्र सिंह राठौड़ ने कहा कि हम सेना के प्रहरियों का परम धर्म होता है कि हर परिस्थिति में राष्ट्र की सेवा हेतु कटिबद्ध रहे। हमारा गौरव है कि हमे अनुशासित रहते हुए उत्तरदायित्व प्राप्त हुआ है। हमारा विश्वास है कि इसी प्रेरणा से हमारे राष्ट्र का प्रत्येक नागरिक व युवा देश हेतु संकल्पबद्ध रहे कि हमारा देश सर्वोपरि है। वर्तमान समय में देश की रक्षार्थ केवल बेटे ही नही बेटियाँ भी कन्धे से कन्धा मिलाकर केवल सीमा पर ही नहीं बल्कि राष्ट्र के निर्माण में भी अपना योगदान दे रही है। उन्होंने सीमा सुरक्षा में आने वाली चुनौतियों एवं अपने अनुभवों से बालिकाओं को देश के प्रति सजग रहने हेतु अभिप्रेरित किया।

# पिकनिक 'पद्मिनी रिसोर्ट'

## ग्रीनलैण्ड वाटर पार्क, माखुपुरा, अजमेर





# गाँधी ग्लोबल सोलर यात्रा



श्री रतनलाल कंवरलाल पाटनी गर्ल्स कॉलेज और आई.आई.टी. मुम्बई के संयुक्त तत्वावधान में उन्नत भारत इकाई के तहत 150वीं गाँधी जयंती के उपलक्ष्य में सोलर लैम्प निर्माण कार्यशाला हुई। इस कार्यशाला में विज्ञान संकाय व शिक्षा विभाग की 50 छात्राओं ने पंजीकरण कराया। कार्यशाला में छात्राओं को सोलर लैम्प निर्माण का प्रशिक्षण दिया गया।

# कम्पनीज एक्ट पर सेमिनार

नियामक अधिकारियों द्वारा कंपनी नियमों में भारी बदलाव और उनके गैर अनुपालना के लिए दण्ड प्रावधानों में संशोधन के संबंध में महाविद्यालय द्वारा सेमीनार का आयोजन किया गया। जिसकी मुख्य वक्ता ए.सी.एस. मीना मेघानी रही उन्होंने छात्राओं को नए उद्यम की योजना, व्यवस्थित करने और निष्पादित करने के लिए सीखने के लिए प्रेरित किया। नए उत्पादों को बाजार में लाना, नई प्रौद्योगिकियों और व्यापार के अवसरों की कमजोर व्यावसायिक व्यवहार्यता और एम.सी.ए. की वेबसाइट के माध्यम से विभिन्न ई-फॉर्म भरने के बारे में व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया।

## अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस



अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य में समाजशास्त्र विभाग द्वारा विस्तार व्याख्यान का आयोजन करवाया गया जिसके मुख्य वक्ता डॉ. शैलेन्द्र पाण्डेय, सदस्य, बाल संरक्षण आयोग, राजस्थान ने कहा कि हमें बाल अधिकारों के प्रति सजग रहते हुए उनके संरक्षण व अधिकारों का ध्यान रखना चाहिए। ऐसे बहुत से बालक-बालिका होते हैं जिन्हें माता -पिता द्वारा त्याग दिया जाता है या बिछुड़ जाते हैं उन्हें शेल्टर होम में रखने का दायित्व हम निभाते हैं। उन्होंने पोक्सो एक्ट पर गम्भीरता दिखाते हुए विचार व्यक्त किये।

## वर्ल्ड फूड डे विजिटः अनन्ता इन्स्टीट्यूट, पुष्कर



अनन्ता इन्स्टीट्यूट, पुष्कर और महाविद्यालय के अर्थशास्त्र व गृह विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्त्वावधान में पुष्कर के होटल अनन्ता में प्रसार व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसमें 89 विद्यार्थियों ने भाग लिया। विद्यार्थियों ने बेकरी वर्कशॉप में पेशेवर शेफ से प्रशिक्षण लिया और होटल मैनेजमेन्ट व्यवसाय में भविष्य की सम्भावनाओं की जानकारी प्राप्त की।

## विज्ञान प्रर्दशनी ''वन्डर हर्टज़्- 2019''





चन्द्रयान मिशन हमारे देशवासियों के हितार्थ भविष्य की एक गहरी उम्मीद है। आज अंतरिक्ष अनुसंधान की दृष्टि से भारत नई परिकल्पनाओं से कार्य कर रहा है जिससे करीब प्रत्येक ग्रह की हमें सूक्ष्मता से जानकारी प्राप्त होगी। विज्ञान संकाय एवं शिक्षा विभाग द्वारा दो दिवसीय ''विज्ञान प्रदर्शनी वन्डर हर्टज़्- 2019'' का आयोजन किया गया। प्रदर्शनी ''स्पेस द् जर्नी ऑफ इसरो'' थीम पर आधारित रही। प्रदर्शनी में मॉडल्स को आदि से अब तक की थीम पर निर्मित करवाया गया है जिसमें संदेश है कि हमने आर्यभट्ट उपग्रह से लेकर चन्द्रयान - II , शुक्रयान तक की परिकल्पना को साकार करने का प्रयास किया है।

## आत्मभाषण प्रतियोगिता



माननीय अतिथि सुरेश जी टाँक, विधायक, किशनगढ़, सुरेश जी पाटनी, आर.के मार्बल, सुभाष जी अग्रवाल, सचिव, कार्यक्रम का अवलोकन करते हुए।



व्यक्तित्व, अभिनय कौशल और साहित्य की गहरी समझ का परीक्षण करने के लिए आत्मभाषण प्रतियोगिता का आयोजन। इस प्रतियोगिता में 20 प्रतिभागियों ने अलग-अलग पात्रों को अलग-अलग समय के समकालीन युग नाटकों के माध्यम से चित्रित किया।

## लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल पर व्याख्यान

भारत के प्रथम गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की स्मृति में आइरनी ऑफ आयरन मेन विषयक विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें आमंत्रित मुख्य वक्ता डॉ. अनुराधा माथुर, सह आचार्य एवं विभागाध्यक्ष इतिहास विभाग, बी.एस. आर. राजकीय कला महाविद्यालय, अलवर ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि भारत को एक नक्शे एक स्वरूप में लाने का प्रयत्न करने वाले सच्चे देश भक्त के रूप में सरदार वल्लभ भाई पटेल का नाम स्मरण करते हुए हमें गर्व है।

## संविधान दिवस पर व्याख्यान



संविधान दिवस के उपलक्ष्य में एन.एस.एस. इकाई द्वारा विद्यार्थियों को संविधान की प्रस्तावना का अध्ययन करवाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. वन्दना भटनागर ने संविधान की प्रस्तावना पर अपनी बात कहते हुए कहा कि संविधान की सबसे महत्त्वपूर्ण बात एकता, अखण्डता है जिससे भारत एक है की बात पुष्ट होती है।

## राष्ट्रीय एकीकरण दिवस

एकता और शांति का संदेश फैलाने के लिए महाविद्यालय की ओर से विद्यार्थियों को अभिव्यक्ति का मंच प्रदान करने के लिए विभिन्न विद्यालयों में महाविद्यालय के सभी संकायों द्वारा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं आयोजन कराया गया।

## कॉमर्स मैनेजमेन्ट फेस्ट का आयोजन



वाणिज्य संकाय द्वारा कॉमर्स मैनेजमेन्ट फेस्ट का आयोजन किया गया। जिसमें 120 प्रतिभागियों ने हिस्सा लेते हुए। डांस, इन्स्ट्रूमेन्टल म्यूज़िक, बॉलीवुड क्वीज, ट्रेज़र हंट व अन्ताक्षरी आदि प्रतियोगिताओं का आनन्द लिया। इसका उद्देश्य बालिकाओं में आत्मविश्वास व उत्साह का संचार करना है।

## 'आरम्भ 2019- आट्र्स फेस्ट' प्रतिभा तराशने का पर्याय है





महाविद्यालय सदैव विद्यार्थियों को तराशने का कार्य करता है। कार्यक्रम में विविध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें रंगोली, मेहंदी, कोलाज, कार्टूनिंग, ड्राईंग पेन्टिंग, एकल नृत्य, समूह नृत्य, डिजि़टल प्रतियोगिताओं सहित अनेक प्रतियोगिताओं में उत्साह के साथ भाग लिया। 13 विद्यालयों के 465 विद्यार्थियों ने आरम्भ आटर्स् फेस्ट में भाग लिया। इसी शृंखला में अंतर विद्यालयी प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने वाली बालिकाओं को प्रोत्साहित एवं विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

## उन्नत भारत अभियान सैल: ग्रामीण सर्वेक्षण

उन्नत भारत अभियान मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एक कार्यक्रम है, जिसे ग्रामीण क्षेत्रों के लिए बनाया गया है। उन्नत भारत अभियान की यू.बी.ए. सैल के माध्यम से महाविद्यालय को इसमें शामिल किया गया है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत गेगल, हरमाड़ा, बूबानी और सिलोरा इन चार गाँवों को महाविद्यालय ने गोद लिया है। इस अभियान के तहत विद्यार्थी स्थानीय लोगों की स्वच्छता, स्वास्थ्य, अपशिष्ट प्रबन्धन, वृक्षारोपण, वित्तीय समावेशन, महिलाओं और बाल विकास से सम्बन्धित मुद्दों की पहचान करने और उनका हल निकालने के लिए लोगों को प्रेरित करेंगें। परिवार सर्वेक्षण में विद्यार्थियों ने चारो गाँवों का सर्वे किया।

## गाँधीवादी शिक्षा से समाज का सर्वांगीण विकास संभव



शिक्षा विभाग द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी के 150 वीं जयन्ती वर्ष के उपलक्ष्य में गाँधी के शैक्षिक विचारों की वर्तमान प्रासंगिकता विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि व वक्ता प्रो. एम. पी. शर्मा, सेवानिवृत निदेशक, विद्या भवन गोविन्दराम सेकसरिया शिक्षक महाविद्यालय, सी.टी.ई. उदयपुर ने गांधीवादी शिक्षा पर विचार व्यक्त करते हुए बताया कि गांधीवादी चिन्तन के माध्यम से व्यक्ति व समाज में समरसता का विकास सम्भव है। इस व्याख्यान के माध्यम से विद्यार्थियों ने गाँधीवादी विचारों की प्रासंगिकता को जाना व गाँधी दर्शन को जीवन में अपनाने के लिए प्रोत्साहित हुए।

## एन.एस.एस. इकाई द्वारा सात दिवसीय शिविर





## राष्ट्रीय युवा महोत्सव- लखनऊ





महाविद्यालय की एन.एस.एस. इकाई द्वारा 23वें पाँच दिवसीय राष्ट्रीय युवा महोत्सव लखनऊ में भाग लिया। महाविद्यालय की सरोज चौधरी, कीर्ति सनाढ्य व राधिका सोनी ने राजस्थान का प्रतिनिधित्व किया। इस कार्यक्रम में प्रेरक व्याख्यान सहित सम्पूर्ण राष्ट्र की संस्कृति के विविध रूप प्रस्तुत किए गए। 'फिट यूथ फिट इण्डिया' थीम पर आयोजित इस महोत्सव में लोक नृत्य, लोक गीत, एकांकी, शास्त्रीय वादन-गायन व नृत्य से जुड़ी 18 सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं के साथ कई खेलकूद प्रतिस्पर्धाओं का आयोजन किया गया।

## वार्षिक अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन



श्रेष्ठ विचारों को अभिव्यक्त करने के लिए एक मंच की आवश्यकता होती है और इसी उद्देश्य को सार्थक करने का प्रयास लिटररी क्लब द्वारा वार्षिक अंग्रेजी वाद-विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों ने तर्क-वितर्क संयमिता व विवकेशीलता का आदि का प्रदर्शन किया। ''कृत्रिम बुद्धिमत्ता मानवता की धीमी मृत्यु है'' विषय पर 16 प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर अपने भावों की अभिव्यक्ति दी। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर शुभांगी सोलंकी, द्वितीय शिवानी लखोटिया व तृतीय कोमल पंवार रही।

## सामाजिक एवं पर्यावरणीय संवेदनशीलता हेतु दस दिवसीय शिविर का आयोजन



सम्माननीय विनीत जी पाटनी बालिकाओं को पुरस्कृत करते हुए

शिक्षा विभाग द्वारा बी.ए.बी.एड. एवं बी.एससी.बी.एड. चार वर्षीय समेकित पाठ्यक्रम के अन्तर्गत विद्यार्थियों को सामाजिक एवं पर्यावरणीय आयामों से अवगत कराने एवं संवेदनशीलता विकसित करने हेतु 10 दिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने गेगल गाँव की भौगोलिक, सामाजिक, आर्थिक, भाषायिक, पर्यावरणीय एवं शैक्षिक स्थिति को सर्वेक्षण के माध्यम से जाना।

शिविर में विद्यार्थियों द्वारा पर्यावरण संरक्षण एवं बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ मुद्दों पर जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।

## शिक्षकों में नेतृत्व क्षमताओं का विकास वर्तमान परिप्रेक्ष्य में महत्त्वपूर्ण



शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित विस्तार व्याख्यान में मुख्य अतिथि प्रो. नागेन्द्र सिंह, अधिष्ठाता, शिक्षा संकाय, म.द.स. विश्वविद्यालय, अजमेर ने कहा कि वर्तमान संदर्भ में शिक्षकों में नेतृत्व क्षमताओं का विकास अति आवश्यक है एवं बदलती हुई परिस्थिति में शिक्षक और शिक्षा समाज के आधार स्तम्भ के रूप में समाज में संवेदनशीलता लाने में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

## बैंकिंग कार्यप्रणाली से हुए अवगत



वाणिज्य एवं बी.सी.ए. विभाग द्वारा विद्यार्थियों को बैंक और निजी क्षेत्रों का प्रायोगिक ज्ञान प्रदान किये जाने हेतु विभिन्न क्षेत्रों के बैंको को महाविद्यालय में आमन्त्रित किया गया। जिसमें बैंको के अधिकारियों ने बैंक की कार्यप्रणाली को समझाया व बालिकाओं को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें निजी क्षेत्रों के बारे में जानकारी प्रदान की। इनमें एच.डी.एफ.सी., आई.सी. आई.सी.आई. बैंक ने जानकारी प्रदान की।

# खेलों की ओर बढ़ते कदम.....



एथलेटिक्स प्रतियोगिता में स्वर्ण व कांस्य पदक विजेता पुरस्कृत



33 वीं अन्तर्महाविद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिता में
स्वर्ण एवं रजत पदक विजेताओं को अभिप्रेरित करते हुए श्री महावीर जी कोठारी



33वीं अंतर महाविद्यालयी हॉकी प्रतियोगिता, म.द.स.विश्वविद्यालय, अजमेर
फाईनल मैच, चन्दवरदाई स्टेडियम, अजमेर



अर्जुन अवार्ड से सम्मानित छाया अदक जी द्वारा हैण्डबॉल प्रतिभागी प्रेरणा राठौड़ पुरस्कृत



33वीं अंतर महाविद्यालयी हॉकी प्रतियोगिता म.द.स.विश्वविद्यालय, अजमेर
रनर अप टीम, श्री आर.के. पाटनी गर्ल्स कॉलेज, किशनगढ़



सम्माननीय सुरेश जी पाटनी विद्यार्थी को सम्मानित करते हुए



33वीं अंतर महाविद्यालयी एथलेटिक्स प्रतियोगिता में स्वर्ण व रजत पदक विजेता नेहा खंगारोत
म.द.स.विश्वविद्यालय, अजमेर



33वीं अंतर महाविद्यालयी लॉन टेनिस प्रतियोगिता



33वीं अंतर महाविद्यालयी लॉन टेनिस प्रतियोगिता म.द.स.विश्वविद्यालय, अजमेर
आयोजन स्थल श्री आर.के. पाटनी गर्ल्स कॉलेज, किशनगढ़



वार्षिक खेलकूद उद्घाटन समारोह

